# राज्य में भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनेगी : राठौड़



भाजपा नेता राजेन्द्र सिंह राठौड ने परिवर्तन यात्रा को सम्बोधित किया।

**झुंझुनूं** । राजस्थान विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष राजेन्द्र राठौड ने झुंझुनूं,मंडावा एवं पिलानी विधानसभा क्षेत्र में परिवर्तन संकल्प यात्रा के तहत आयोजित विशाल जनसभा को सम्बोधित करते हुए कहा कि कांग्रेस के कुशासन और भ्रष्टाचार का अंत करने के लिए जनता का उत्साह और जोश देखकर मुझे पूरा विश्वास हो गया है कि कांग्रेस सरकार की विदाई सुनिश्चित है और राज्य में भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनने जा रही है।

राठौड ने कहा कि किसान विरोधी कांग्रेस सरकार के राज में झूठे वादों में फंसकर नेशनलाइन बैंकों का कर्ज नहीं चुकाने पर राज्य के करीब 20 हजार से अधिक किसानों की जमीनें नीलाम हो गई। एक, दो और तीन करके कर्ज में डूबे मजबूर किसानों की जमीनों को बैंकों द्वारा बेचा गया और इन जमीनों की नीलामी से करीब 82 करोड़ 42 लाख रुपए के कमीशन मिला, जिसमें से अकेले पटवारियों को करीब 24.73 करोड़ रुपए कमीशन के रूप में मिले हैं जो इसका प्रमाण है कि सरकार की सरपरस्ती में किसानों की जमीनें नीलाम हुई। प्रदेश के 1 लाख 24 हज़ार किसानों के खाते एनपीए कर दिए गए। ये सरकार अन्नदाताओं को सपने दिखा कर उनके सपनों को सिर्फ तोड़ना जानती है राठौड ने कहा कि कांग्रेस के कुशासन में मंडावा में स्थानीय विधायक के पीएसओ आईजी से बड़े हो गए हैं और अपनी मर्जी से प्रशासन को चलाने की कोशिश करते हैं। जिस तरह प्रदेश में अपराधी बेखौफ और बेलगाम हैं ठीक उसी तरह घमंड में चूर स्थानीय विधायक अपने पीएसओ के साथ मिलकर जमीन पर रास्ता काट देते हैं। सरपंच जब भ्रष्टाचार के खिलाफ आवाज उठाते हैं तो शाम को पुलिस उनके घर पहुंच जाती है और मुकदमा कायम कर देती है । राठौड़ ने कहा कि प्रदेश में आज किसान बिजली की कटौती से हैरान है। कांग्रेस सरकार में ऊर्जा मंत्री ने कहा था कि आपको 24 घंटे बिजली मिलेगी और बिजली के सारे पेंडिंग कनेक्शन पूरे हो जाएंगे। इसी तरह का कुछ झूठा वादा वह मलसीसर में कहकर गए थे कि मार्च 2023 के बाद किसान को रात में बिजली लगाने के लिए खेत में जाने की ज़रुरत नहीं है। क्या हुआ आपको बिजली मिली ? दिन में तारे दिखाई देते हैं । राठौड़ ने कहा कि इस सरकार के राज में ही सर्वाधिक महंगी बिजली राजस्थान में है। कांग्रेस ने 52 पैसे प्रति यूनिट और 7 पैसे अडानी कर के साथ करीब औसतन 59 पैसे प्रति यूनिट फ्यूल सरचार्ज जनता से वसूला और अब आखिरी के कुछ माह पहले 200 यूनिट तक फ्यूल सरचार्ज माफ करने का नाटक कर रही है।

## डूंगर राम मंगलवार को सोला आएंगे

**सीकर**। शिल्प एवं माटी कला बोर्ड अध्यक्ष डूंगर राम गेदर 19 सितम्बर मंगलवार को लक्ष्मणगढ़ क्षेत्र के सोला गांव आएंगे। अतिरिक्त जिला कलेक्टर राकेश कुमार ने बताया कि शिल्प एवं माटी कला बोर्ड अध्यक्ष गेदर 18 सितम्बर को प्रात: 9 बजे सर्किट हाउस सीकर से रवाना होकर प्रात: 9.30 बजे राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय सोला पहुंचेंगे तथा गांव सोला में 132 केवी सब स्टेशन के उद्घाटन एवं विभिन्न विकास कार्यक्रमों के लोकार्पण कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में सम्मिलित होंगे। उन्होंने बताया कि बोर्ड अध्यक्ष गेदर सोला से अपराह्न 3.30 बजे सूरतगढ़ के लिए प्रस्थान कर जायेंगे।

## कथा ज्ञान यज्ञ 21 से

**चूरू, (कासं.)**। ओद्योगिक क्षेत्र के रोड नम्बर एक पर स्थित सूर्य पुत्र शनि मंदिर में 21 सितम्बर से श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन किया जाएगा। मंदिर के पुजारी महेन्द्र कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि व्यास पीठ से कथा का वाचन सरस् भागवत प्रवक्ता गोपेश महाराज आदि वृंदावन कामवन करेंगे। कथा का समय प्रतिदिन दोपहर एक से शाम पांच बजे तक रहेगा।

## सार-समाचार

### जन्मोत्सव पर सजी 56 भोग की झांकी

**बीदासर**। कस्बे के गणगौरी चौक स्थित बाबा रामदेव के मुख्य मंदिर में रविवार की रात्रि में लोक देवता बाबा रामदेव के अवतरण दिवस पर मंदिर प्रांगण मे श्रद्धालुओं की जमकर भीड़ उमड़ी। श्रद्धालुओं ने बाबा के दरबार मे पहुंचकर खीर, चूरमा व पतासा का प्रसाद लगाकर सुख-समृद्धि की कामना की। अवतरण दिवस पर मंदिर प्रांगण की भव्य सजावट की गई। वही मंदिर प्रांगण मे भादवा माह से शुरू होते ही एक महीने तक अखंड ज्योत भी चल रही है। बाबा रामदेव के अवतरण दिवस पर मंदिर प्रांगण में 56 भोग की झांकी सजाई गई तथा केक काट कर लोक देवता बाबा रामदेव का अवतरण दिवस धुमधाम से मनाया गया।

### परिचर्चा आयोजित

**चिड़ावा**।लेखक-पत्रकार डॉ. शम्भू पंवार ने आकाशवाणी दिल्ली में पारिवारिक शांति में बुजुर्गो को भूमिका विषय पर आयोजित परिचर्चा में प्रतिभागिता की। डॉ.शंभू पंवार ने बताया कि इस विषय पर एसटीसी के पूर्व प्रबंधक एवं समाजसेवी किशोर कौशल से विस्तृत चर्चा की । वर्तमान परिपेक्ष में परिचर्चा का विषय बहुत महत्वपूर्ण और गंभीर था। चर्चा बहुत ही शानदार रही।जिसकी रिकॉर्डिंग हो गई। यह परिचर्चा आकाशवाणी दिल्ली पर 20सितंबर को प्रसारित की जाएगी। आपको बता दे कि डॉ.शंभू पंवार पिछले साढ़े तीन दशक में पत्रकारिता, लेखन व सामाजिक क्षेत्र में राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर विशेष पहचान कायम की है। पंवार आकाशवाणी पर पूर्व में भी प्रतिभाग कर चुके है।

### धार्मिक आयोजन होंगे

**चिडावा** । शहर के पोद्दार पार्क महालक्ष्मी धाम स्थित सिद्धि विनायक शुभ -लाभ मंदिर में गणेश चतुर्थी पर धार्मिक आयोजन होंगे। जानकारी देते हुए सनातन आश्रम विकास समिती के पवन शर्मा ढाणीवाला व गोपाल महमिया ने बताया की गणेश चतुर्थी पर सुबह 9 बजे भगवान गणेश का पूजन होगा। उसके बाद वाणी भूषण प्रभुशरण तिवाड़ी के सानिध्य में श्रीगणेश मंगल पाठ के वाचन का सामूहिक आयोजन व प्रसाद वितरण का आयोजन होगा।

# विधायक ने कार्यालय का शुभारम्भ किया

**सुजानगढ**। विधायक मनोज मेघवाल ने जोधपुर विद्युत वितरण निगम लिमिटेड के ग्रामीण सहायक अभियंता कार्यालय का लोकार्पण किया। फीता काटकर व शिलापट्ट का अनावरण करने के बाद विधायक ने आयोजित कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कहा कि प्रदेश सरकार हमेशां आजमन को बेहतर सरकारी सुविधाएं देने की तरफ लगातार काम कर रही है।

मेघवाल ने कहा कि सुजानगढ में जल्दी ही ओवर ब्रिज का काम शुरू होगा। उन्होंने कहा कि छापर से जुडे बाकी बचे पांच गांव जीली, लिखमणसर, परावा आदि को भी जल्द ही इसी कार्यालय से जोड दिया जायेगा, ताकि वहां के उपभोक्ताओं को किसी प्रकार की दिक्कत न हो। कार्यक्रम में विधायक ने क्षेत्र में हाल ही में करवाये गये विकास कार्यों को गिनवाया। इस अवसर पर एडीएम भागीरथ साख, कांग्रेस नेता मोहम्मद इदरीश गौरी, विद्याधर बेनीवाल, पूर्व उप प्रधान दीवानसिंह भानीसरिया ने विचार प्रकट करते हुए ग्रामीण जनता की समस्याओं को त्वरित गति से निस्तारित करने की उम्मीद अधिकारियों से जताई। एस ई वसीम ईकबाल पडिहार ने कहा कि इस कार्यालय से 34 गांव जुडे हैं और अब ग्रामीण उपभोक्ताओं की समस्याओं का त्वरित समाधान होगा। आयोजकीय पृष्ठभूमि को रेखांकित करते हुए अशोक शर्मा ने कहा कि यह जिले का पहला कार्यालय होगा, जो आवेदन वाले दिन ही नए विद्युत कनेक्शन दे पायेगा। इस अवसर पर सहायक अभियंता नरेंद्र पारीक, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष प्रदीप तोदी, कांग्रेस नेता धर्मेन्द्र कीलका, उप सभापति अमित मारोठिया, लोढसर सरपंच कन्हैयालाल शर्मा, मनसुख गोदारा, लूणाराम मेघवाल सहित अनेक लोग मंचस्थ थे। संचालन कवि हरीराम गोपालपुरा ने किया। एक्सईएन धीराचंद श्योराण ने आभार प्रकट किया। इस अवसर पर नूर मोहम्मद खान पहाडियान, शेराराम मेघवाल, रसीद खान हाथीखानी, सहायक अभियंता विश्वम्भर पुरोहित, राजेंद्र प्रजापत, अरूण मीणा, गौतम मेघवाल आदि मौजूद रहे।

**विजेता बेरी की टीम रही :** सादुलपुर के राऊ टिब्बा में हुए ग्रामीण कब्बड्डी के रोमांचक व शानदार मुकाबलों के दौरान फाईनल मुकाबले में बेरी की टीम प्रथम विजेता रही। ज्ञात रहे कि उक्त प्रतियोगिता में करीब 35 टीमों में से फाइनल में गागड़वास व बेरी गाँव की टीम पहुंची। जिसमें गागड़वास व बेरी दोनों ही टीमें मजबूत थी। वहीं इन टीमो के मध्य हुए फाइनल मैच में बेरी की टीम विजेता एवं गागड़वास की टीम उपविजेता रही। वहीं बेरी की टीम ने 11 हजार का नकद इनाम प्राप्त देकर सम्मानित किया गया तथा उपविजेता रही गागड़वास को द्वितीय को इनाम स्वरूप 51 सौ रुपये देकर सम्मानित किया। अतिथियों में राजेन्द्र सिंह शेखावत, वीरभान सिंह, जीवराज मीणा, अश्विनी शर्मा, श्योपाल सिंह राठौड़, उमेद सिंह पीटीआई, गुगन सिंह, राजवीर सिंह राठौड़, सेना के शिवराज सिंह, विकास सिंह, रामेश्वर दायमा, बाबुलाल मीना आदि रहे।

## पेड न्यूज मॉनीटरिंग के लिए समिति गठित

**चूरू, (कासं.)**। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार विधानसभा आम चुनाव 2023 के दौरान पेड न्यूज मॉनीटरिंग एवं विज्ञापन अधिप्रमाणन के लिए जिला स्तरीय एमसीएमसी का गठन किया गया है।

जिला निर्वाचन अधिकारी एवं कलक्टर सिद्धार्थ सिहाग की अध्यक्षता में गठित कमेटी में उप जिला निर्वाचन अधिकारी एवं अतिरिक्त जिला कलक्टर लोकेश गौतम, सूचना प्रौद्योगिकी एवं संचार विभाग के संयुक्त निदेशक मनोज गरवा, आकाशवाणी केन्द्र निदेशक व वरिष्ठ पत्रकार नरेन्द्र शर्मा को शामिल किया गया है। सूचना एवं जनसंपर्क विभाग के सहायक निदेशक कमेटी के सदस्य सचिव रहेंगे। समिति द्वारा नियमित बैठक कर पेड न्यूज मॉनीटरिंग की जाएगी। इसी प्रकार राजनैतिक विज्ञापनों के अधिप्रमाणन के लिए गठित कमेटी में जिला निर्वाचन अधिकारी एवं रिटर्निंग अधिकारी ;कलक्टरद्ध सिद्धार्थ सिहागए उप जिला निर्वाचन अधिकारी एवं अतिरिक्त जिला कलक्टर लोकेश गौतम, सूचना प्रौद्योगिकी एवं संचार विभाग के संयुक्त निदेशक मनोज गरवा तथा सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग के सहायक निदेशक शामिल रहेंगे।

# 11 हजार लड्डूओं से किया गणपति सहस्त्रार्चन



बीदासर कस्बे में गणेश जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया।

**बीदासर** । कस्बे में गणेश जन्मोत्सव को लेकर श्री सिद्धि विनायक गणेश मंदिर मे शिवम् सुन्दर काण्ड सेवा समिति के तत्वावधान में चल रहे चार दिवसीय गणेश जन्मोत्सव के धार्मिक आयोजन के तहत सोमवार को जीपीटी ग्रुप के कोलकाता प्रवासी बीदासर निवासी भामाशाह द्वारका प्रसाद टांटिया व डॉ. ओमप्रकाश टांटिया के सौजन्य से मंदिर प्रांगण में 11 हजार लड्डुओ से गणपति सहस्त्रार्चन का कार्यक्रम हुआ। गणपति के लड्डुओं का सहस्त्रार्चन पंडित चन्द्रशेखर शर्मा के वैदिक मंत्रोच्चार के साथ किया गया। इस अवसर पर समिति के अध्यक्ष विजय सिंह राजपुरोहित, समाजसेवी सीताराम टांटिया, पूर्व व्यापार मण्डल के अध्यक्ष रमेश टांटिया, सुरेश कुमार कंदौई, मंदिर पुजारी बिहारी लाल शर्मा, केशव कंदोई, दीपक सांखला, गोपाल छापोला सहित समिति के अनेक कार्यकर्ता उपस्थित थे। मंगलवार को चार बजे गाजे बाजे के साथ गणेश जन्मोत्सव मनाया जायेगा। तथा रात्रि में महाजागरण का आयोजन किया जायेगा। जिसमें राजलदेसर के तुलसी राम एण्ड पार्टी के भंजन गायकार भंजनो की प्रस्तुतियाँ देंगे।

## हर्षोल्लास से मनाया गया रोट तीज त्यौहार

**सीकर**। दिगंबर जैन धर्मावलंबियों के दशलक्षण महापर्व मंगलवार से शुरू हो रहे हैं। भाद्रपद के शुक्ल पक्ष की चतुर्दशी अनंत चतुर्दशी तक 10 दिन दशलक्षण महापर्व चलेंगे। इस दौरान सभी जिन मंदिरों में दसलक्षण धर्म की विशेष पूजा होगी। महापर्व के पहले दिन उत्तम क्षमा धर्म की पूजा होगी। इस महापर्व में दिगंबर जैन धर्मावलंबी दस दिन तक उत्तम क्षमा, उत्तम मार्दव, उत्तम आर्जव, उत्तम शौच, उत्तम सत्य, उत्तम संयम, उत्तम तप, उत्तम त्याग, उत्तम अकिचन्य, उत्तम ब्रह्मचर्य धर्म का पूजन आत्म शुद्धि की भावना के साथ करेंगे। विवेक पाटोदी ने बताया कि सोमवार को रोट तीज का त्योहार हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। दसलक्षण महापर्व के दौरान शहर के सभी 11 जैन मंदिरों में विशेष धार्मिक आयोजन होंगे। शहर के बड़ा जैन मंदिर व दंग की नसियां में 10 दिनों तक विशेष पूजा अर्चना होगी। जाट बाजार स्थित दीवान जी की नसियां में भी जबलपुर से आई परम विदुषी कंठ कोकिला बाल बह्मचारिणी सरिता दीदी एवं बबिता दीदी के सानिध्य में दस दिनों तक प्रात: पूजा अर्चना होगी व सांयकाल मंगल प्रवचन व ध्यान शिविर आयोजित होगा।

## पौधारोपण किया

**सादुलपुर, (निस)**। सामान्य ज्ञान ग्रुप के नि:स्वार्थ सेवा के दस वर्ष पूर्ण होने पर विद्यालय व सार्वजनिक स्थानों पर पौधारोपण किया गया। वहीं इसी नो बैग डे के अवसर पर पौधारोपण कार्यक्रम के दौरान राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय सादपुरा (खबरपुरा) में टिकोमा व गुलमोहर व फूल युक्त पौधें लगाए गए। सामान्य ज्ञान ग्रुप की इस पहल पर नवीन कालोहिया ने विद्यालय को दस गमले भेंट किये गये। इस अवसर पर संजय धतरवाल, स्वीटी चौधरी, नवीन कालोहिया, विकास कालोहिया, अभिमन्यु कालोहिया, मंजीत कालोहिया व मोनिका मेघवाल ने सहयोग किया। संस्था प्रधान सुल्तान सिंह ने आभार जताया। सामान्य ज्ञान ग्रुप परिवार के संस्थापक अध्यापक सुनिल बैरासर बताया की सोशल मीडिया के माध्यम से प्रतियोगिता परीक्षाओं की तैयारी के लिए ऑनलाइन क्विज, विषयवार नोट्स, पीडीएफ, आर्थिक रूप से कमजोर विद्यार्थियों को बुक्स उपलब्ध करवाने के नि:स्वार्थ सेवा कार्य के दस वर्ष पूर्ण होने पर राजस्थान के विभिन्न विद्यालयों में पौधारोपण कार्यक्रम रखा गया।

# घर में युवक का मृत अवस्था में शव बरामद

- युवक अपने घर पर अकेला ही रहता था तथा अविवाहित था
- घर के अन्दर से बदबू आने पर लोगों ने पुलिस को सूचना दी

**सादुलपुर, (निस)**। सिद्धमुख थाने के गांव बास कांजण में एक अविवाहित युवक का घर में मृत अवस्था में शव मिला। मृतक युवक भूपगिर अविवाहित था, जो कि अपने घर पर अकेला ही रहता था तथा अकसर वह बीमार रहता था। घटना का पता उस समय लगा जब घर के अन्दर बदबु आने लगी।

जिस पर मृतक के घर के आसपड़ौस के लोगों ने घर मे बदबू आने पर मृतक के भाई ओमप्रकाश गोस्वामी को टेलिफोन पर इतला दी। जो कि अपने परिवार सहित गुडग़ावा में रहता है। वही मिली सूचना पर ओमप्रकाश पुत्र स्व. प्रभूगिर गोस्वामी उम्र 54 साल निवासी बास कांजण पुलिस थाना सिद्धमुख जिला चूरू अपने घर पर आया तथा अपने छोटे भाई भूपगिर की मौत लेकर सिद्धमुख थाना पुलिस को घटनाक्रम की सूचना दी। तथा बताया कि अपने भाई की मौत को लेकर किसी प्रकार की कार्यवाही नहीं करना चाहते। जिस पर सिद्धमुख थाने के सहायक उपनिरीक्षक रामनारायण मौके पर पहुंचे तथा मृत अवस्था में मिले भूपगिर के शव को कब्जे में लेकर सीएचसी राजगढ में उसका पोस्टमार्टम करवाकर शव उनके परिजनों को सुपूर्द कर दिया। वहीं ओमप्रकाश गोस्वामी ने बताया कि अपने छोटे भाई भूपगिर की मौत पर उन्हे किसी भी प्रकार का शकसुबा नहीं है। सिद्धमुख थाना पुलिस ने मर्ग दर्ज कर अनुसंधान प्रारंभ कर दिया है।

## अभिनन्दन समारोह आयोजित

**बीदासर**। तेरापंथ भवन के मघवा समवसरण में आचार्य महाश्रमण की सुशिष्या साध्वी रचनाश्री के सानिध्य में सोमवार को नौ वर्षीय बालिका राशि बैद की अठाई की तपस्या का अभिनन्दन समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर साध्वी रचनाश्री ने कहा कि कस्बे में छोटी सी बहिन की तपस्या सभी के लिये प्रेरणा बन रही है। कस्बे में जो तप की चेतना जागृत हुई है, वह वर्धमान होती रहे। साध्वी ने कहा कि तप करने वाला व्यक्ति तपस्या से कर्म रजो को धुनता है और तपस्या से आत्मा को उजला करता है। तप रूपी साबुन भीतर के मेल को धो देता है। समारोह में साध्वी अमित प्रभा, मदन श्री, कुलप्रभा ने तप अनुमोदना पर अपने विचार गीत व कविता के माध्यम से रखे। साध्वी वृंद ने सुमधुर गीत की प्रस्तुति दी। शिखा बैद, आदर्श विद्या मंदिर के प्रधानाचार्य धनराज दर्जी, दिव्या बौथरा, भावना दुगड़, अल्का बांठिया, पारस, रंजनी बैद, रूपेश सैखानी, विमल लिंगा ने अपने विचार रखे।

# मतदाता जागरूकता का संदेश घर-घर पहुँचाएगी महिला कृषक

**सीकर**। निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी एवं उपखण्ड अधिकारी राजेश कुमार मीणा के मार्गदर्शन में संचालित स्वीप कार्यक्रम के तहत राज्य योजनान्तर्गत एक दिवसीय कृषक महिला प्रशिक्षण शिविर में ग्राम भूमा बड़ा में सहायक कृषि अधिकारी विजेश कुमार पिलानिया द्वारा स्वीप कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

स्वीप कॉर्डिनेटर सुरेश कुमार भास्कर ने बताया कि उपस्थित महिला कृषकों को मत के मूल्य से अवगत करवाते हुए जानकारी दी गई कि आप बहुत ही भाग्यशाली हैं। आपकों बिना किसी आंदोलन के बिना मांगे संविधान द्वारा प्रदत्त मताधिकार प्राप्त है जबकि आधी दुनियां को संविधान में मात्र मताधिकार का नाम जुड़वाने के लिए सड़क पर आकार कई आंदोलन करने पड़े तब जाकर मताधिकार का अधिकार प्राप्त हुआ। मुश्किल से मिलने वाले इस अधिकार का सोच समझकर समुचित उपयोग करना चाहिए। इस अवसर पर महिला कृषकों ने भी निर्णय लिया कि हम घर-घर मतदाता जागरूकता का संदेश देकर आगामी विधानसभा चुनाव में शतप्रतिशत मतदान की मिशाल पेश करेंगी। विकास अधिकारी एवं स्वीप नोडल अधिकारी रामधन डूडी ने ब्लॉक में आयोजित होने वाले सभी कार्यकमों में स्वीप गतिविधियों को विशेष रूप से शामिल करने के निर्देश प्रदान किए। कार्यशाला में कृषि पर्यवेक्षक सुरेश कुमार ताखर ने कृषि विभाग की योजनाओं से महिला कृषकों को विस्तारपूर्वक जानकारी देते हुए लाभ उठाने का आव्हान किया। कृषि विशेषज्ञ रामा राम यादव ने प्याज व सब्जियों में होने वाले रोगों के उपचार के बारे में जानकारी प्रदान की। सहायक कृषि अधिकारी विजेश कुमार पिलानिया ने रबी की फसलों के बीजों उपचार व फ़सल बीमा के लाभ के बारे में जानकारी दी। इस मौके पर महिला कृषकों के अलावा विकास थकान, रामकुमार ढाका, रामचंद्र ढाका आदि गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

## कबड्डी प्रतियोगिता का उदघाटन

**चूरू, (कासं.)**। निकटवर्ती गाँव लखाऊ में बाबा बालपुरीजी माहाराज कबड्डी प्रतियोगिता का फीता काटकर उदघाटन ऑल इंडिया कांग्रेस कमेटी सदस्य तनवीर खान ने किया।

इस अवसर पर तनवीर खान एवं अतिथि कांग्रेस नेता जमील चौहान, एडवोकेट हेलना खान, राजेन्द्र भांभू, ओबीसी प्रदेश संयोजक विनोद सैनी, दिनेश घण्टेल, महेश मिश्रा, नासिर खान एडवोकेट, अल्ताफ़ खान, अमित शर्मा पार्षद, महेंद्र शर्मा, राजकुमार तंवर, जावेद खान, यूसुफ प्रधान, ज्योति सिंह, दीपिका सेन, हनुमान कस्वां बूटिया, महबूब खान, श्रीराम आदि का स्वागत गाँव लखाऊ निवासी रजाक खान, रामचन्द्र बजाड़, नन्दलाल पूनिया, मुबारक फौजी, रमजान खान, मुमताज़, अर्जुनराम, भंवरू खान सूबेदार, इस्पाक खान, सुभाष फौजी, विनोद पूनिया, राजू महला, गोविंन्द सिंह राठौड़ सहित आयोजन कमेटी ने अभिनन्दन किया।

प्रपत्र संख्या 7
(देखिये नियम 21)
कार्यालय सहायक आयुक्त (द्वितीय) देवस्थान विभाग, जयपुर
राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 18 (2) के अधीन नोटिस
समस्त सम्बन्धित व्यक्तियों को
मुकदमा नम्बर 67/2023
(नाम वर्णन तथा निवास स्थान)
चूंकि प्रार्थी श्री पवन कुमार संगई C/o संध्या सगाई, सैक्टर 47, 901 मोहक को-ऑपरेटिव ग्रुप हाउसिंग सोसायटी लिमिटेड, जी एच-13, मीडीया हाउस सोसायटी के पास, गुडगाँव, हरियाणा-122001 ने राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 17(1) के अन्तर्गत प्रन्यास जसरापुर ग्रामीण विकास समिति जसरापुर तहसील खेतडी, जिला झुंझुनू (हाल नीम का थाना) के सम्बन्ध में अग्रिम जांच किये जाने के लिए आवेदन पत्र दिया है।
अतएवं धारा 18 की उपधारा (2) द्वारा प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में उपर्युक्त प्रन्यास जिसकी जांच की जा रही है में हित रखने वाले समस्त व्यक्तियों के नाम, व्यापक जानकारी के लिए यह नोटिस प्रकाशित किया जाता है कि वे इस नोटिस के जारी होने की तारीख से साठ दिन के भीतर उक्त प्रन्यास के सम्बन्ध में आपत्तियां, यदि कोई हो प्रस्तुत करें। और यह सूचित किया जाता है कि यदि उपरोक्त निर्दिष्ट अवधि के भीतर कोई आपत्तियां नहीं की गई तो उक्त आवेदन पत्र निर्धारित रीति से निर्णित किया जावेगा तथा जांच ग्रसित मामले में निष्कर्ष अभिलिखित किया जावेगा। आज दिनांक 05.09.2023 को मेरे हस्ताक्षर तथा कार्यालय मोहर के अधीन जारी किया गया।
आइदा तारीख पेशी 10.11.2023
मोहर अदालत
सहायक आयुक्त (द्वितीय)
देवस्थान विभाग, जयपुर

खोया पाया
मेरे द्वारा जरिये इकरारनामा दिनांक 04.05.2015 को एक भूखण्ड खसरा नंबर 67 में जिसकी तादादी 15 बीघा में से 1604.55 दर गज महेन्द्र सिंह पुत्र जुगलाल जाति जाट निवासी ढाणी छोटी से खरीद किया हुआ है। जिसका खातेदार धन्नी बेवाह मक्खन, बुधाराम, मुंशीराम पुत्र मक्खन जाति धाणक निवासी राजगढ से राजू खां पुत्र कालू खां जाति चौहान निवासी मोडावासी की खरीद का इकरारनामा कहीं गुम हो गये है। मिलने पर नगरपालिका कार्यालय राजगढ(चूरू) में जमा करवा दूंगा। प्रार्थी/सूचनाकर्ता-सांवर मल पुत्र दूनीराम जाति कुम्हार, निवासी सिद्धमुख हाल वार्ड नंबर 36 सिद्धमुख रोड के पास कस्बा राजगढ, तह. राजगढजिला चूरू (राज.)
मेरे द्वारा जरिये इकरारनामा भूखण्ड खसरा नंबर 257 में जिसकी तादादी 6 बीघा में से 181.14 वर्गमीटर ओमप्रकाश पुत्र चन्दगीराम जाति मेघवंशी निवासी वार्ड नं. 28 राजगढसे खरीद किया हुआ है। जिसका खातेदार ओम प्रकाश पुत्र चन्दगीराम निवासी वार्ड नं. 28 कस्बा राजगढसे खरीद का इकरारनामा कहीं गुम हो गये है। मिलने पर नगरपालिका कार्यालय राजगढ(चूरू) में जमा करवा दूंगा। प्रार्थी/सूचनाकर्ता-महावीर पुत्र उमाराम प्रजापत, निवासी वार्ड नंबर 28 नया वार्ड 36 मोहल्ला ढंढाल मोड के पास, कस्बा राजगढ तह. राजगढ जिला चूरू (राज.)

# ग्रामीणों ने लगाये योजना में भष्ट्राचार के आरोप



सुजानगढ के ग्राम बाघसरा आथूणा में गांरटी अवधी में टूटी कुण्ड दिखाते ग्रामीण।

**सुजानगढ**। प्रधानमंत्री कृषि संचय योजना अब भष्ट्राचार की भेंट चढ गयी है। तहसील के ग्राम बाघसरा आथूणा में प्रधानमंत्री कृषि संचय योजना के द्वितीय चरण के तहत ढाणी ढींकला में बना सार्वजनिक कुण्ड अपनी गांरटी के दो वर्ष पूर्ण वर्ष होने से पहले ही जर्जर होकर टूट चुका है। कुण्ड पर लगे बोर्ड के अनुसार बाघसरा आथूणा ग्राम पंचायत की ढाणी ढींकला में पीएमकेएसवाई योजना से 2 लाख 84 हजार रूपए की लागत से गत वर्ष को जलग्रहण विकास एवं भूसंरक्षण विभाग के ठेकेदार से इस कुण्ड का निर्माण करवाया गया था। जिसके निर्माण कार्य के दौरान ठेकेदार द्वारा बरती गयी अनियमियता व लापरवाही के कारण कुण्ड पूर्णतया टूट चुका है। ग्रामीणों का कहना है कि कुण्ड बनने के बाद उन्होनें कभी कुण्ड में बरसाती पानी ठहरा हुआ नहीं देखा। ग्रामीणों का आरोप है कि घटिया निर्माण होने के बाद भी कुण्ड का भुगतान विभाग द्वारा कर दिया गया।

## गन्दे पानी की निकासी के लिए सौंपा ज्ञापन

**चूरू, (कासं.)**। शहर के वार्ड 29 में गन्दे पानी की निकासी के लिए वार्डवासियों ने जिला कलक्टर को ज्ञापन सौंपा है। वार्ड के विकास बांठिया ने बताया कि वार्ड 29 में बैदों की धर्मशाला के पास की गली में करीब 7 महिने से गन्दा पानी इकट्ठा पड़ा है। जिसके कारण गली पूर्ण रूप से बंद हो चुकी है। प्रशासन को कई बार अवगत करवाया जा चुका है। प्रशासनिक अधिकारी के कहने बाद एक बार नगरपरिषद् ने अस्थाई समाधान किया था। लेकिन आज भी वहां पर पहले जैसे ही हालात हैं। यह आने जाने के लिए मुख्य रास्ता है। इस गली में गन्दे पानी की निकासी का स्थाई समाधान करने के लिए नोडल अधिकारी की नियुक्ति कर जल्द से जल्द स्थाई समाधान किया जाये।

**बॉयोमेट्रिक सत्यापन शिविर :** चूरू जिले में स्थित निजी एवं राजकीय विद्यालय एवं महाविद्यालय जिनमें गत शैक्षणिक सत्र 2022-23 में अल्पसंख्यक छात्रवृत्ति के आवेदन पत्र कक्षा 9 से लेकर उच्च स्तर तक प्राप्त हुए थे, उन सभी आवेदन पत्रों का अन्तिम बार बायोमेट्रिक सत्यापन शिविर 19 सितम्बर को चूरू जिले के सभी तहसील मुख्यालयों पर आयोजित होंगे।

# मंत्री ओला ने मूर्ति का अनावरण किया



चिड़ावा निकटवर्ती खेमू की ढाणी में हरफूल सिंह लमोरिया की मूर्ति का अनावरण समारोह सड़क एवं परिवहन मंत्री बृजेंद्र ओला के मुख्य आतिथ्य में हुआ।

**चिड़ावा**। निकटवर्ती खेमू की ढाणी में हरफूलसिंह लमोरिया की मूर्ति का अनावरण समारोह सोमवार को सडक़ एवं परिवहन मंत्री बृजेंद्र ओला के मुख्य आतिथ्य में हुआ। जिसकी अध्यक्षता सरपंच सुमन देवी ने की।

विशिष्ट अतिथि प्रधान इंद्रा डूडी थीं। मुख्य अतिथि मंत्री ओला ने कहा कि पूर्वजों की याद में किए कार्य सदैव रखे जाएंगे। प्रारंभ में अतिथियों का स्वागत किया गया। वहीं आयोजक सुरेंद्र-विजेंद्र लमोरिया ने आभार जताया। कार्यक्रम का संचालन विकास पायल ने किया। इस अवसर पर सरजीत ओला, महेंद्र झाझड़िय़ा, नरेश बराला, सुशील पायल, रणवीर बुडानिया, विजेंद्र कुमार, ओमप्रकाश, रामकुमार, रोहिताश्व, हीरासिंह, ओमप्रकाश, बुटीराम, कुलदीप, चंद्रशेखर आदि उपस्थित थे।

## अभियान की अंतिम तिथि आज

**सीकर**। जिला निर्वाचन अधिकारी सौरभ स्वामी ने बताया कि निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार वर्तमान में जिले के समस्त निर्वाचन क्षेत्र में फोटोयुक्त मतदाता सूचियों का द्वितीय विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम 2023 जारी है।

इस अभियान में अर्हता तिथि 01 अक्टूबर 2023 है अर्थात एक अक्टूबर 2023 को 18 वर्ष की आयु पूर्ण करने वाले योग्य व्यक्ति 19 सितम्बर 2023 तक मतदाता सूची में अपना नव पंजीकरण करवा सकता है। जिला निर्वाचन अधिकारी स्वामी ने बताया कि अभियान के दौरान 19 सितम्बर 2023 तक सम्बन्धित भाग में बीएलओ के माध्यम से दावे एवं आक्षेप प्राप्त किये जायेंगे, तत्पश्चात उनका कार्यालय स्तर पर निस्तारण कर मतदाता सूचियों का अंतिम प्रकाशन 04 अक्टूबर 2023 को किया जायेगा। इस दौरान मतदाता सम्बन्धित बीएलओ के माध्यम से नव पंजीकरण, नाम विलोपन एवं वर्तमान प्रविष्टियों में संशोधन करवा सकते हैं।